राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल श्री मिश्र ने नक्की झील का भ्रमण किया

जयपुर, 24 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र मंगलवार सायं को माउंट आबू की नक्की झील पहुंचे। इस दौरान राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र सहित उनके परिजनों ने झील में बोटिंग भी की।

राज्यपाल श्री मिश्र ने राजभवन की जेटी से करीब एक घंटे तक नक्की झील के सुरम्य परिवेश का आनंद लिया। राज्यपाल ने कहा कि हरियाली से लदे पहाड़ों के बीच कटोरानुमा झील की नैसर्गिक सुंदरता अद्भुत है।

उन्होंने नक्की झील के सुरम्य वातावरण को सुरक्षित रखने के लिए स्वच्च्छता पर विशेष ध्यान देने की आमजन से अपील की। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के साथ नक्की के आस- पास सुनियोजित विकास करते हुए पर्यटन गतिविधियों का क्रियान्वयन किए जाने का आह्वान किया।

## राज्यपाल आंतरिक सुरक्षा अकादमी जाएंगे

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र बुधवार को प्रातः माउंट आबू स्थित आंतरिक सुरक्षा अकादमी जाएंगे। बाद में राजभवन में एक संक्षिप्त कार्यक्रम में आंतरिक सुरक्षा अकादमी एवं सरदार पटेल पुलिस विश्वविद्यालय, जोधपुर के मध्य एक एमओयू पर हस्ताक्षर होंगे।

---